खाटू जाउंगी दर्शन पाऊँगी

खाटू जाउंगी दर्शन पाऊँगी,
चाहे पड़ जाए छाले पाँव में,
ना घबराऊँगी श्याम ध्याऊँगी,
आए लाखों मुसीबत राह में,
खाटु जाउंगी दर्शन पाऊँगी।।

मैं तो जानू बाबा तेरे दर का,
ये जग सारा दीवाना,
जो हारे दुनिया से उनको,
मिलता यहाँ ठिकाना,
मैं तो गाउंगी गुण तेरे गाउंगी,
तू माझी हम है नाव रे,
खाटु जाउंगी दर्शन पाऊँगी।।

तुमसे बाबा है प्रीत पुरानी,
कई जन्मो का है नाता,
आते तेरे दर पे वही जिसे,
प्रेम से तू है बुलाता,
मैं जब आउंगी चूरमा लाऊंगी,
चैन मिल जाए तेरी छाव में,
खाटु जाउंगी दर्शन पाऊँगी।।

खाटू जाउंगी दर्शन पाऊँगी,
चाहे पड़ जाए छाले पाँव में,
ना घबराऊँगी श्याम ध्याऊँगी,
आए लाखों मुसीबत राह में,
खाटु जाउंगी दर्शन पाऊँगी।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23153/title/khatu-jaugi-darshan-paugi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |